# University in News on 28 August 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : 38 कोर्सों में सीट आवंटन जारी

## कल तक जमा करना होगा सीट कंफर्मेशन शुल्क, कटऑफ सूची वेबसाइट पर अपलोड

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग ने मंगलवार को परास्नातक पाठ्यक्रमों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 38 कोर्सों में सीट आवंटन जारी कर दिया है। अभ्यर्थी लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से सीट आवंटन से जुड़ा समस्त विवरण देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव की ओर से जारी पत्र में नौ पीजी कोर्सों में तीसरा सीट आवंटन और 27 कोर्सों में चौथा सीट आवंटन जारी किया गया है। इसके साथ ही एमबीए एमटीटीएम का पहला सीट आवंटन और एमवीए एमएफए का दूसरा सीट आवंटन भी जारी किया गया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों की कटऑफ सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसे वेबसाइट के एडमिशन पेज पर पीजी सेक्शन में देखा जा सकता है।

चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 29 अगस्त रात 12 बजे तक सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा करना होगा जो विवि की वेबसाइट पर ही ऑनलाइन जमा होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को यह सीट आवंटन उनके द्वारा भरी गई चॉइस फिलिंग के आधार पर दिया गया है। लविवि में स्नातक में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है जबकि पीजी की अपने अंतिम चरण में हैं।

जिन नौ कोर्स में तीसरा सीट आवंटन जारी किया गया है उसमें एमकॉम, एमएससी स्टैटिक्स, एमएससी जूलॉजी, एमकॉम एप्लायड इकोनॉमिक्स, बीलिब.एससी, एलएलबी, एलएलएम, एमए एजुकेशन व एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन शामिल हैं।

चौथा सीट आवंटन जारी होने वाले कोर्सों में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, बायोकेमिस्ट्री, गणित, माइक्रोबायोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, फूड प्रोसेसिंग, जियोलॉजी के साथ ही एमए अंग्रेजी, फॉरेंसिक साइंस, हिंदी, सोशियोलॉजी, ज्योग्राफी, साइकोलॉजी, जर्नलिज्म, सोशल वर्क व हॉस्पिटल एडमिस्ट्रेशन शामिल हैं। किसी तरह की समस्या पर प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



### हॉस्टल के लिए 30 तक आवेदन

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को हॉस्टल आवंटन के लिए 30 अगस्त एचएमएस पोर्टल पर आवेदन करना होगा। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने पत्र जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। पंजीकरण के लिए विद्यार्थी को 50 रुपये ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। एचएमएस एप का लिंक luhostel.in पर है।

### बीबीएयू : रिक्त सीटों पर स्पॉट काउंसिलिंग सितंबर से

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सितंबर से स्पॉट काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। छठवें चरण की काउंसिलिंग में चयन न होने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि, अभी सीयूईटी में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए यह व्यवस्था होगी। स्पॉट काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रह जाने की स्थिति में विद्यार्थियों को सीधे प्रवेश का मौका दिया जाएगा। बीबीएयू में परास्नातक के करीब 48 पाठ्यक्रमों में छठवीं काउंसिलिंग के बाद भी सीटें रिक्त रह गईं हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार अलग-अलग पाठ्यक्रमों में 500 से अधिक सीटें रिक्त हैं। इन विभागों से सभी सीटों का ब्योरा मांगा जा रहा है। प्रवेश समिति के सदस्य प्रो. अमित कुमार ने बताया कि रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए स्पॉट काउंसिलिंग की व्यवस्था जल्द शुरू होगी। प्रवेश प्रक्रिया में पहले सीयूईटी व समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पॉट काउंसिलिंग में सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ऐसे विद्यार्थियों को प्रवेश का मौका मिलेगा, जिन्होंने किसी तरह का पंजीकरण नहीं कराया है, लेकिन विवि में प्रवेश लेना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को लेकर जल्द अधिसूचना जारी की जाएगी। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 8

# एक दर्जन से ज्यादा कोर्स में सीटें आवंटित

### एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमबीए, एमटीटीएम पाठ्यक्रम का पहला और एमवीए या एमएफए का दूसरा सीट आवंटन घोषित हुआ है।

**वेबसाइट पर देखें जानकारी:** तीन दर्जन पाठ्यक्रमों का भी सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर देख सकते हैं। इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि एमए भूगोल, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, एमआईएच, मनोविज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाज कार्य और अस्पताल प्रशासन कार्यक्रम का चौथा अलॉटमेंट घोषित किया है। साथ ही एमएससी मानवशास्त्र, जैवरसायन, जैवप्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन, कंप्यूटर साइंस, भूगर्भ, एप्लाइड जियोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, गणित, भौतिक और फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी जैसे कार्यक्रम का भी चौथा आवंटन हुआ है।

प्रवेश समन्वयक ने बताया कि सभी अभ्यर्थी 29 अगस्त की रात 12 बजे तक ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस भर सकते हैं।

### नौ में तीसरा आवंटन

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव के अनुसार एमकॉम कॉमर्स, एमएससी सांख्यिकी, प्राणिशास्त्र, एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स, बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस, एलएलबी, एलएलएम, एमए शिक्षाशास्त्र और एमए लोक प्रशासन पाठ्यक्रम का तीसरा आवंटन भी घोषित हुआ है। सभी अभ्यर्थी 29 अगस्त की रात 12 तक ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस भर सकते हैं।

### 29 को सत्यापन

एलयू के प्रवेश कार्यालय की ओर से उन छात्रों को मौका दिया गया है जिनका प्रोविजनल अलॉटमेंट जारी हो गया है। लेकिन अभी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया नहीं पूरी की है। ऐसे सभी विद्यार्थी 29 अगस्त को अपने मूल प्रपत्रों के संग संबंधित विभाग में जाकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

# पीजी : सीट एलॉटमेंट का परिणाम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे एलॉटमेंट का परिणाम जारी**

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश (पीजी) सत्र 2024-25 के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग के अन्तर्गत पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे एलॉटमेंट का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है।

विवि के प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का एलॉटमेंट लेटर जारी हुआ है और उन्होंने अभी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं कराया है, वह सम्बंधित विभाग में अपने एलॉटमेंट लेटर, फीस रसीद और सभी मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र के साथ 29 को सुबह 11 बजे पहुंच कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन अवश्य करा लें। इसके अलावा परास्नातक एमबीए,एमटीटीएम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष पहले एलॉटमेंट का परिणाम भी घोषित किया गया है। वहीं, एमवीए, एमएफए का दूसरे, एमएससी, एमए, और मास्टर्स के विभिन्न विषयों के चौथे और एमकॉम, एमएससी, बी.एलआईबी, एलएलबी, एलएलएम के विभिन्न विषयों सहित एमए एजुकेशन और एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में प्रवेश के लिए तीसरे सीट एलॉटमेंट परिणाम भी जारी किए गए हैं। आवंटित सीट की फीस जमा करने की अंतिम तारीख 29 अगस्त रात 12 बजे तक है।

## JAGRAN CITY PAGE III

# लखनऊ विश्वविद्यालय में सीट आवंटन जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत नौ पाठ्यक्रमों में खाली सीटों के सापेक्ष तीसरा और 23 विषयों में चौथा सीट आवंटन मंगलवार को जारी किया। सीट आवंटन के परिणाम अभ्यर्थी की मेरिट के अनुसार जारी किए हैं। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने बताया कि इन विषयों की कटआफ वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड की है। अभ्यर्थी अपनी लागिन के माध्यम से देख सकते हैं। सीट पाने वाले अभ्यर्थियों को 29 अगस्त तक फीस जमा करने का समय दिया गया है।

इनमें तीसरा सीट आवंटन : एमकाम कामर्स, एमएससी स्टैटिस्टिक्स, एमएससी जूलाजी, एमकाम अप्लाइड इकोनामिक्स, बी लिब एससी, एलएलबी, एलएलएम, एमए एजूकेशन एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन।

इन विषयों में चौथा सीट आवंटन : एमएससी बायोटेक्नोलाजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी बाटनी, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी बायो केमिस्ट्री, एमएससी मैथमेटिक्स, एमएससी माइक्रोबायोलाजी, एमएससी फिजिक्स, एमएससी फूड प्रासेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी, एमएससी जियोलाजी, एमए अंग्रेजी, एमए फारेंसिक साइंस, एमएससी फारेंसिक साइंस, एमए पालीटिकल साइंस, एमए साइकोलाजी, एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, मास्टर्स सोशल वर्क, मास्टर्स हास्पिटल मैनेजमेंट, एमए इकोनामिक्स, एमए एमआइएच, एमए जाग्रफी, एमए सोशियोलाजी, एमए हिंदी।

**लवि में हास्टल के लिए 30 तक पंजीकरण :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए (एनईपी), बीएससी-मैथ्स के साथ-साथ परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को हास्टल के लिए 30 अगस्त तक पंजीकरण का मौका दिया है। बीए (एनईपी), बीएससी-मैथ्स (एनईपी), बीएससी-बायो (एनईपी), बीलिब, एमलिब, बीपीएड, एमपीएड, एलएलबी (तीन वर्ष), एलएलएम, एमए (सभी विषय), एमएससी (सभी विषय), एमकाम (एप्लाइड इकोनामिक्स और वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर वालों को 30 अगस्त तक हास्टल सुविधा के लिए पोर्टल https://www.luhostel.in/ के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण शुल्क 50 रुपये जमा होंगे।

### चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग चार से



मंगलवार को डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने सीयूईटी के माध्यम से बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी की। अभ्यथी वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ पर जारी सूची देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग चार सितंबर को होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों की फीस 5105 रुपये और गैर दिव्यांगो की फीस 24,405 रुपये है। विश्वविद्यालय ने एमए समाजशास्त्र पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वालो को अभिलेख लगाने का मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने हाईस्कूल, इंटर, स्नातक के सभी सेमेस्टर की अंक तालिकाओं के साथ जाति, निवास, आय, दिव्यांगता, एनसीसी, स्पोर्ट्स व गैप प्रमाणपत्र नहीं लगाया है। वे दो और तीन सितंबर को विश्वविद्यालया में जमा कर दें।

### परास्नातक कोर्सों में काउंसिलिंग दो से

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) ने परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में लवि के माध्यम से अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए चयन सूची और काउंसलिंग की समय सारिणी मंगलवार को जारी की। अभ्यर्थियों को वेबसाइट https://bsnvpgcollege.co.in/ के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा। उसके बाद आनलाइन फीस जमा करके दो से चार सितंबर तक काउंसिलिंग करानी होगी। प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार लवि की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के तहत कालेज के एमए हिंदी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, एमएससी भौतिक विज्ञान, गणित, प्राणि विज्ञान, भू-गर्भ विज्ञान, रसायन विज्ञान और एम.काम कामर्स पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियो का आवंटन किया है।